किशोरों और प्री-टीन (9 से ज़्यादा और 13 साल से कम उम्र के बच्चे) की खास ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, वीडियो के सुझाव देने वाले सिस्टम में सुधार

किशोर YouTube का इस्तेमाल कई वजहों से करते हैं. वे नए कलाकारों और संगीत की शैलियों को खोजने, अपने पसंदीदा और कम पसंदीदा विषयों की पढ़ाई करने, अपनी क्रिएटिविटी को एक्सप्लोर करने वगैरह के लिए, इस प्लैटफ़ॉर्म पर आते हैं. हम समझते हैं कि खुद के बारे में जानने के इस नाज़ुक पड़ाव के दौरान, किशोरों के जीवन में YouTube की अहम भूमिका हो सकती है. इसलिए, हम ऑनलाइन दुनिया में उनके इस सफ़र में उन्हें बेहतर अनुभव, टूल, और संसाधन उपलब्ध कराने की लगातार कोशिश करते हैं.

अपने प्लैटफ़ॉर्म पर किशोरों और प्री-टीन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है. इसके लिए, हम कई तरीके अपनाते हैं. इनमें से एक है, वीडियो के सुझाव दिखाने वाले हमारे सिस्टम के ज़रिए दी जाने वाली सुरक्षा. इसके ज़रिए YouTube पर लोगों को उनकी पसंद के हिसाब से वीडियो के सुझाव दिखाए जाते हैं, ताकि उन्हें बेहतरीन अनुभव मिल सके.

किशोरों को सुरक्षित अनुभव देने के लिए, हमने साल 2023 के आखिर में कुछ अतिरिक्त कदम उठाए थे. इसके तहत, सुझावों में ऐसे वीडियो को दिखाना सीमित किया गया जिन्हें कभी-कभार दिखाने से भले कोई समस्या न हो, लेकिन बार-बार ऐसा करने से कुछ किशोरों पर इसका खराब असर पड़ सकता है. इसके बाद, हमने पूरी दुनिया में किशोरों को इस तरह के वीडियो के लिए कम से कम सुझाव दिखाए जाने पर काम किया, ताकि उन्हें सुझावों में बार-बार ऐसा कॉन्टेंट न दिखे. इन उपायों को लागू करते समय, शुरुआत में तीन कैटगरी के कॉन्टेंट को इसमें शामिल किया गया था युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई एडवाइज़री कमिटी के साथ मिलकर काम करने और चर्चा के बाद, हमने इसमें कुछ और कैटगरी को भी शामिल किया. अब इसमें छह कैटगरी का कॉन्टेंट शामिल है:

- **जिसमें लोगों की शारीरिक बनावट की आपस में तुलना की गई हो या उसके आधार पर कुछ लोगों को दूसरों से बेहतर बताया गया हो.**
- **जिसमें फ़िटनेस के किसी खास लेवल या वज़न को 'आदर्श' बताया गया हो.**
- **जिसमें लोगों को बहस या गाली-गलौज करते दिखाया गया हो या डराने-धमकाने वाला कॉन्टेंट हो.**
- **जिसमें खराब या बिना किसी ठोस आधार पर गलत वित्तीय सलाह दी गई हो.**
- **जिसमें गैर-कानूनी या गलत गतिविधियां दिखाई गई हों.**
- **जिसमें किशोरों को दूसरों को बुरा-भला कहते, उनके साथ गलत बर्ताव करते, उनका मज़ाक़ उड़ाते या नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां करते हुए दिखाया गया हो या ऐसा कुछ करने के लिए प्रेरित किया गया हो.**

कॉन्टेंट की इन कैटगरी को तय करने के लिए, हमने युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई एडवाइज़री कमिटी के साथ मिलकर काम किया. इस कमिटी में बच्चों के लिए मीडिया, उनके विकास, और डिजिटल लर्निंग के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से काम करने वाले विशेषज्ञों के साथ-साथ गैर-लाभकारी संस्थाओं, शिक्षा, और चिकित्सा के क्षेत्र में ज़िम्मेदार भूमिका निभाने वाले लोग शामिल हैं. इस कमिटी की स्थापना साल 2018 में की गई थी. इसमें शामिल लोग ठोस रिसर्च और अपनी विशेषज्ञता के आधार पर, YouTube को बच्चों की बदलती ज़रूरतों के बारे में सुझाव देते हैं.

यह कमिटी किशोरों की ऑनलाइन गतिविधियों, बर्ताव, और अनुभव के आधार पर हमें सलाह देती है. खास तौर पर, इस बारे में कि किशोर किस तरह खुद को समझने या पहचानने की कोशिश कर रहे हैं. वीडियो के सुझाव देने वाले सिस्टम में सुधार करने में हमारी मदद, इस कमिटी के सबसे अहम योगदान में से एक है. याल्डा टी. ऊल्स, सेंटर फ़ॉर स्कॉलर्स ऐंड स्टोरीटेलर्स की फ़ाउंडिंग डायरेक्टर और युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई YouTube की एडवाइज़री कमिटी की सदस्य हैं. वे कहती हैं,

“यह बहुत अच्छी बात है कि किशोर अपने हिसाब से यह चुन रहे हैं कि उन्हें क्या देखना है, क्योंकि इससे उनकी दिलचस्पी बनी रहती है और वे दुनिया को अलग-अलग नज़रिये से देख पाते हैं. इससे किशोरों में पहल करने की क्षमता डेवलप होती है. साथ ही, उन्हें अपने लिए और अपनी कम्यूनिटी के लिए बदलाव लाने में मदद मिलती है.”

सुझावों में, गलत शिक्षा या जानकारी देने वाले वीडियो बार-बार दिखने पर, वयस्कों की तुलना में किशोरों पर ज़्यादा खराब असर पड़ सकता है और खुद में उनका भरोसा कम हो सकता है. इसलिए, यह ज़रूरी है कि इसके लिए दिशा-निर्देश तय किए जाएं. ऐलिसन ब्रिस्को-स्मिथ, एक चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट और रिसर्चर होने के साथ-साथ युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई एडवाइज़री कमिटी की सदस्य हैं. उनका कहना है,

"गलत जानकारी या व्यवहार दिखाने वाले वीडियो के बार-बार दिखने पर, कुछ किशोरों में गलत संदेश जा सकता है और उनमें हीन भावनाएं आ सकती हैं. ऐसे में किशोरों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाए गए दिशा-निर्देश बेहद अहम हो जाते हैं. इनसे उन्हें सकारात्मक नज़रिया अपनाने में मदद मिलती है और वे दूसरों के साथ अपनी तुलना समझदारी से कर पाते हैं. साथ ही, यह तय कर पाते हैं कि उन्हें अपनी कैसी पहचान बनानी है."

हमने किशोरों और प्री-टीन की सुरक्षा के लिए कई उपाय पहले से लागू किए हैं. यह सुधार एक अतिरिक्त लेयर की तरह काम करेगा. हमने बच्चों और परिवार के लिए कॉन्टेंट की क्वालिटी से जुड़े सिद्धांत की मदद से, बच्चों के लिए बनाए जाने वाले कॉन्टेंट के लिए भी इस तरह की अतिरिक्त लेयर लागू की है. YouTube के शुरुआती दिनों से ही, हमारे कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों में यह साफ़ तौर पर बताया जाता रहा है कि किस तरह के कॉन्टेंट को अपलोड करने की अनुमति है और किसकी नहीं. हम सख्ती से इन दिशा-निर्देशों को लागू करते हैं और पक्का करते हैं कि सभी उपयोगकर्ता इनका पालन करें. हम YouTube से ऐसा कॉन्टेंट हटा देते हैं जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा हो, जिसमें नफ़रत फैलाने वाली भाषा हो, जिसमें खान-पान के गलत तौर-तरीके, नुकसान पहुंचाने वाली या खतरनाक गतिविधियां या उत्पीड़न दिखाया गया हो.

इन सुरक्षा उपायों का मकसद, बच्चों और किशोरों की ऑनलाइन सुरक्षा और उनके विकास, दोनों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके हिसाब से अनुभव देना है. इसमें कॉन्टेंट को ऑनलाइन देखने और खोजने की सुविधा भी शामिल है. हम ऐसे और कॉन्टेंट टाइप का पता लगाने के लिए, अपनी एडवाइज़री कमिटी और अन्य विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे जिनसे बच्चों और किशोरों पर खराब असर पड़ सकता है. साथ ही, उनकी मदद से बच्चों, किशोरों, और परिवारों के लिए अपने प्रॉडक्ट, नीतियों, और सेवाओं को लगातार बेहतर बनाते रहेंगे.